# ९. हवा

### बताओ तो

इन चित्रों में कौन-से
काम किए जा रहे हैं ?






### करके देखो



- किसी बड़ी बाल्टी में पानी लो ।
- अब एक खाली बरतन लो ।
- इस बरतन को औंधा करके बाल्टी के पानी के पृष्ठभाग पर सीधा पकड़ो और धीरे-धीरे दाब देकर पानी में नीचे की ओर ले जाओ ।
- अब इस बरतन को थोड़ा तिरछा होने दो ।



**तुम्हें क्या ज्ञात होता है ?**

- तुरंत ही हवा के बुलबुले पानी के ऊपर आने लगते हैं ।

**इससे क्या स्पष्ट होता है ?**


हवा पानी से हलकी होती है । इसलिए बरतन को तिरछा करने पर हवा के बुलबुले बाहर निकलते हैं ।

**इससे हमें क्या ज्ञात होता है ?**

- हमारी आँखों को जो स्थान खाली दिखाई देते हैं, वहाँ हवा होती है।

हवा अपने चारों ओर है । खाली लगने वाली जगह में भी हवा है फिर अपने आस-पास कहाँ तक यह हवा फैली हुई है ?

### करके देखो

विद्यालय में आने वाले समाचारपत्र की पूरे माह की सभी प्रतियाँ लो अथवा अन्य रद्दी कागजों के बड़े आकारवाले टुकड़े लो । समाचारपत्र के पन्नों को अलग कर लो । अब प्रत्येक पन्ने के चार-चार समान भाग बनाओ । कागज के इन समान आकारवाले टुकड़ों को फर्श पर एक के ऊपर एक रखो ।

यह ढेर तैयार करते समय फर्श के सबसे समीप वाले और सबसे ऊपरवाले कागज की तहों में तुम्हें जो अंतर दीखता हो, उसपर ध्यान दो ।

कागज के सभी टुकड़ों को एक के ऊपर एक, इस प्रकार रखने के बाद इस ढेर का निरीक्षण करो । ऊपरी और निचली परतों में जो अंतर है, उसपर ध्यान दो ।

**तुम्हें क्या दिखाई देगा ?**

तुम कागज पर कागज रखते हो । फलत: निचले कागज ऊपरवाले कागजों द्‌वारा दबाए जाते हैं । नीचेवाले कागजों की आपस में दूरी कम होती जाती है जबकि ऊपरवाले कागज उसकी अपेक्षा अधिक खुले (बिना दबे हुए) दीखते हैं ।

**इससे क्या स्पष्ट होता है ?**

कागजों का जो ढेर बना है, उसमें जो कागज फर्श के जितना समीप होगा, उसपर ऊपरवाले अधिक कागजों का क्रियाशील दाब उतना ही अधिक होगा । अत: सबसे नीचेवाली कागजों की परत अधिक भार उठाती (संभालती) है । उसकी अपेक्षा ऊपरवाले कागजों पर भार कम होता है ।

**वातावरण :** हम जिस पृथ्वी पर रहते हैं, उसका आकार एक गेंद जैसा गोलाकार है । इस पृथ्वी के ऊपर चारों ओर हवा है । पृथ्वी के चारों ओर पाए जाने वाले हवा के आवरण को ही वातावरण कहते हैं । हम पृथ्वी से जैसे-जैसे दूर जाते हैं, वैसे-वैसे वातावरण की हवा की परतें विरल होती जाती हैं । अत: पृथ्वी के पृष्ठभाग के समीपवाली हवा की परतें सर्वाधिक सघन होती हैं । इसकी अपेक्षा ऊपर की परतें क्रमश: विरल होती जाती हैं । अत: ऊँचाई पर स्थित हवा विरल होती है ।



**पृथ्वी के चारों ओर हवा का आवरण**



**करके देखो**

- थोड़ी गहरी काँच की एक तश्तरी लो ।
- उसमें एक मोमबत्ती खड़ी करो ।
- तश्तरी में पानी भरो ।
- मोमबत्ती जलाओ ।



अब मोमबत्ती पर काँच का एक गिलास उलटकर रखो ।

**इससे तुम्हें क्या ज्ञात होता है ?**

थोड़ी ही देर में मोमबत्ती बुझ जाती है और गिलास के अंदर पानी का स्तर बढ़ जाता है ।

**ऐसा क्यों होता है ?**


हवा में एक ऐसा घटक है जो ज्वलन में सहायक होता है । वह जैसे-जैसे उपयोग में लाया जाता है, वैसे-वैसे गिलास में पानी ऊपर चढ़ता जाता है । हवा में वह घटक समाप्त होने पर मोमबत्ती बुझ जाती है। इसके बाद पानी का ऊपर चढ़ना बंद हो जाता है ।

**ज्वलन में सहायता करने वाले हवा के इस घटक को ऑक्सीजन गैस कहते हैं ।**

पृथ्वी का वातावरण हवा द्‌वारा बना हुआ है । इस चित्र के वृत्त का अर्थ हवा है । उस वृत्त के पाँच समान भाग किए गए हैं । इनमें से एक भाग के बराबर हवा में ऑक्सीजन गैस होती है ।

हवा में ऑक्सीजन गैस के अतिरिक्त अन्य गैसें भी होती हैं । वे गैसें कौन-सी हैं ?

श्वसन तथा ज्वलन के लिए हवा की ऑक्सीजन गैस का उपयोग किया जाता है ।





श्वसन और ज्वलन के अतिरिक्त हवा के अन्य कौन-से उपयोग तुम्हें ज्ञात हैं ?

- तुम्हें ज्ञात है कि सोडावाटर की बोतल खोलने पर उसमें से बाहर निकलने वाली गैस कार्बन डाइऑक्साइड गैस होती है । हवा में भी यह गैस थोड़ी मात्रा में होती है । तुम सीख चुके हो कि वनस्पतियाँ सूर्य के प्रकाश में हवा और पानी द्‌वारा अपना भोजन तैयार करती हैं। भोजन तैयार करते समय वनस्पतियाँ इसी गैस का उपयोग करती हैं ।

- गिलास में बरफ डालने के बाद गिलास की बाहरी सतह पर पानी की छोटी-छोटी बूँदें जमा होती हैं । इसका अर्थ हवा में गैसीय रूप में पानी भी होता है ।
- हवा का सबसे बड़ा एक घटक है जो इन घटकों से अलग गैस का घटक है, जिसका नाम नाइट्रोजन है।

हवा में ऐसी कई गैसें होती हैं । अत: हवा कई गैसों का एक मिश्रण है ।

अब यदि हम एक वृत्त की सहायता से हवा को दर्शाएँ तो उसमें समाविष्ट गैसों की मात्रा यहाँ चित्र में दिखाए अनुसार दिखाई देगी ।






## क्या तुम जानते हो

कारखानों, वाहनों, अँगीठियों और अन्य साधनों के ईंधनों के ज्वलन द्‌वारा धुआँ निकलता है। यह धुआँ भी हवा में मिश्रित होता है ।





## हमने क्या सीखा

- हमारे चारों ओर हवा होती है । जो स्थान हमें खाली दीखते हैं, वहाँ भी हवा होती है ।
- पृथ्वी के चारों ओर हवा का आवरण है । उसे वातावरण कहते हैं ।
- पृथ्वी के समीपवाली हवा की परत सघन होती है, जबकि ऊपरवाली परतें क्रमश: विरल होती हैं ।
- हवा कई गैसों का मिश्रण है । ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, कार्बन डाइआक्साइड और जलबाष्प, हवा के मुख्य घटक हैं ।



## इसे सदैव ध्यान में रखो

कोयला, पेट्रोल, डीजल आदि ईंधन जलाने से इनसे धुआँ निकलता है । यह धुआँ हवा में मिल जाता है । इससे स्वास्थ्य बिगड़ सकता है ।



## स्वाध्याय

### (अ) जानकारी प्राप्त करो :

इंजेक्शन लगाने की सिरिंज में औषधि भरने के लिए पहले सिरिंज के पिस्टन को अंदर की ओर ढकेलते हैं । ऐसा क्यों करते हैं ?

### (आ) थोड़ा सोचो :

(१) हमारी दैनिक उपयोग वाली किन वस्तुओं में उच्च दाब देकर हवा भरी गई है ?

(२) लकड़ी या कोयला जलाने पर हवा में क्या (कौन-सा पदार्थ) मिश्रित होता है ?

(३) पानी के उबलते समय हवा में क्या मिश्रित होता है ?

### (इ) रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :

(१) खाली बरतन में भी ......... होती है ।

(२) पृथ्वी के पृष्ठभाग से ऊँचाई पर स्थित हवा उसके पृष्ठभाग के समीपवाली हवा की अपेक्षा .... होती है ।

(३) हवा के पाँच समान भाग करें तो उसका एक भाग ........ का होता है ।

(४) पृथ्वी के समीपवाली हवा की परतें ऊपरवाली परतों की अपेक्षा ........ भार उठाती हैं ।

***

HZQBLG

# १०. वस्त्र



## करके देखो



- नीचे दी गई कृति क्रमश: पूर्ण करो और उसे अपनी कॉपी में लिखो :
  - एक कपड़ा लो। उसे उत्तल लेंस (आवर्धक काँच) के नीचे रखकर देखो । तुम्हें क्या दिखाई देता है ?
  - अब अनाज के बोरे को खूब ध्यान से देखो । बोरा किस तरह बुना हुआ है ?
  - अब किसी दर्जी के पास जाओ । दर्जी कपड़े सिलते समय कपड़ा काटता है । उस समय काटे हुए परंतु दर्जी के लिए अनावश्यक ऐसे कपड़े के टुकड़े लो । कपड़े के किनारों पर तुम्हें क्या दिखाई देगा !



- तुम्हारे ध्यान में आएगा कि धागों को एक-दूसरे में पिरोकर कपड़ा तैयार किया जाता है । धागों को एक-दूसरे में पिरोने का अर्थ कपड़ा बुनना है । लंबे धागों की बुनाई करके कपड़ा तैयार किया जाता है।
- **यह लंबा धागा कहाँ से आता है ?**



## करके देखो



- अपने घर से थोड़ी कपास लो । वह जितनी खींची जा सके, उसे उतना खींचो ।
- अब हथेली पर लेकर उसे एक सिरे की ओर मलो ।
- क्या होता है, उसका अंकन (नोट) करो ।

- तुम देखोगे कि कपास की एक लंबी बत्ती (बाती) तैयार होती है । पहले कपास से सूत तैयार करने के लिए चरखे का उपयोग होता था । अब यही क्रिया यंत्र द्वारा की जाती है । कपास के इन्हीं धागों से कपड़ा बुना जाता है।
- कपास के अतिरिक्त अन्य कौन-कौन-सी वस्तुओं से कपड़ा तैयार किया जाता है ?



## क्या तुम जानते हो

हमारे देश को स्वतंत्रता प्राप्त कराने के लिए महात्मा गांधी ने जनता में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आंदोलन प्रारंभ किया । इसके लिए उन्होंने सूत कताई के लिए चरखे का उपयोग किया । उन्होंने पूरे देश में सूत कातने के चरखा मंडलों का निर्माण किया और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु संदेश दिया ।



## करके देखो



- कपड़े की दुकान पर जाओ । दुकानदार से निम्नलिखित प्रश्नों के आधार पर चर्चा करो, कॉपी में लिखो ।
  - दुकान में कौन-कौन-से प्रकार के कपड़े हैं ?
  - क्या इन कपड़ों के विशिष्ट नाम हैं ?
  - ये कपड़े किससे तैयार होते हैं ?
  - उनके मूल स्रोत क्या हैं ?
  - यह कपड़ा किस राज्य से आया है ?
- दुकानदार के पास से विभिन्न प्रकार के कपड़ों के नमूने माँगकर लो ।

  **दुकानदार चाचा से प्राप्त जानकारियों की निम्नानुसार तालिका तैयार करो ।**

| कपड़े का प्रकार | वह किससे बना है ? | मूल स्रोत क्या है ? | कहाँ बनता है ? |
|---|---|---|---|
| सूती कपड़ा | कपास | वनस्पति | भिवंडी |

तुम्हारे ध्यान में यह आएगा कि कोई कपड़ा कई घटकों से तैयार होता है । उदा., कपास, ऊन, पटसन-नाइलोन, रेयॉन इत्यादि । इनमें से कुछ के स्रोत वनस्पतियाँ ही हैं। कुछ स्रोत अलग हैं ।


- **दुकानदार चाचा से लाए गए कपड़ों के नमूनों का संग्रह करो ।**






## थोड़ा सोचो

नाइलोन तथा रेयॉन ऐसे सूत्र हैं, जो डामर जैसे पदार्थ से बनते हैं फिर इस डामर का मूल स्रोत क्या है ?





## क्या तुम जानते हो



कपड़ा दो प्रकार से बुना जाता है ।

(१) घर-घर में तोरण, स्वेटर, कनटोप इत्यादि वस्तुएँ सूइयों की सहायता से बनाई जाती हैं ।

(२) हाथकरघे अथवा यांत्रिक करघे का उपयोग करके बड़े पैमाने पर कपड़े बुने जाते हैं ।

## करके देखो



(१) एक छोटी बाल्टी में स्वच्छ पानी लो ।

(२) दिनभर उपयोग में लाए गए अपने कपड़ों को उसी पानी में डालो ।

(३) एक घंटे बाद ये कपड़े बाल्टी से बाहर निकालो ।

(४) बाहर निकालते समय उन्हें बाल्टी में ही अच्छी तरह निचोड़ लो ।

(५) अब बाल्टी के पानी को ध्यान से देखो ।

(६) बाल्टी का पानी स्वच्छ है या उसमें कोई परिवर्तन दीखता है ?

- इससे तुम्हें यह ज्ञात होगा कि जब हम कपड़ों का उपयोग करते हैं, तब वे गंदे हो जाते हैं ।

## बताओ तो

- कपड़े अस्वच्छ होने के कौन-से कारण तुम बता सकते हो ?
- उन कारणों की एक सूची तैयार करो ।

– इस सूची द्वारा यह स्पष्ट होता है कि हमारे कपड़े कई कारणों से गंदे हो जाते हैं । इसलिए कपड़े धोकर स्वच्छ करना आवश्यक है। सदैव स्वच्छ कपड़े पहनना एक अच्छी आदत है । स्वास्थ्य उत्तम रखने और व्यवस्थित दीखने के लिए स्वच्छ कपड़ों का ही सदैव उपयोग करना चाहिए ।

## करके देखो

(१) हम अपने घर में कपड़े किससे धोते हैं ?

(२) धुलाई केंद्रों में कपड़े धोते समय किसका उपयोग करते हैं ?

(३) किराने की दुकानों में कपड़े धोने के लिए कौन-कौन-से साबुन मिलते हैं ?

- ऊपर दिए गए प्रश्नों के उत्तर ज्ञात करो और उनकी सूची तैयार करो ।

तुम्हें ज्ञात होगा कि कपड़े धोने के लिए अलग-अलग साधनों का उपयोग किया जाता है। उदा. साबुन, डिटर्जेन्ट पाउडर, तरल साबुन (लिक्विड सोप) इत्यादि ।

- ऊपर दिए गए साधन न हों तो कपड़े धोने के लिए किसका उपयोग किया जाएगा ?

## करके देखो

- किराने की दुकान से रीठा लेकर उसे गुनगुने पानी में भिगोकर पानी को खूब हिलाओ । ध्यान से देखो, क्या दिखाई देता है ?
- बाल्टी में गुनगुना पानी लेकर उसमें धोने का सोडा डालो और पानी अच्छी तरह हिलाओ। देखो कि क्या होता है ।
- अब इस पानी में अस्वच्छ कपड़े भिगो दो ।
- लगभग आधे घंटे बाद इन कपड़ों को धो लो।
- ध्यान से देखो, क्या कपड़े स्वच्छ हुए हैं ?

• रीठा, धोने का सोडा, हिंगट (इंगुदी), चूने का पत्थर इत्यादि का उपयोग कपड़े धोने के लिए किया जाता है, ये सभी प्राकृतिक वस्तुएँ हैं ।

## बताओ तो

- तुम पहली कक्षा में जो कपड़े पहनते थे, क्या आज भी उनका उपयोग करते हो ?
- उनका उपयोग न करते हो तो अब तुम कौन-से कपड़े पहनते हो ?
- पहलेवाले कपड़ों का इस समय उपयोग न करने के कारण क्या हैं ?
- छोटे होने पर तुम्हें जो ड्रेस बहुत पसंद थी; तुम अब उसका उपयोग क्यों नहीं कर सकते ?
- जिन कपड़ों का तुम उपयोग नहीं करते, उन कपड़ों का क्या करते हो ?

• माँ-पिता जी, दादा-दादी जी से चर्चा करके पूछो कि पुराने कपड़ों का क्या किया जाता है ?

## करके देखो

- **क्या तुम जानते हो कि पुराने कपड़े देने पर नए बरतन मिलते हैं । ऐसे नए बरतन देने वाले व्यवसायियों के साथ चर्चा करो । उसके लिए नीचे दिए गए प्रश्नों का उपयोग करो ।**

(१) पुराने कपड़े लेकर उसका क्या किया जाता है ?
(२) पुराने कपड़ों में से क्या अच्छे तथा फटे हुए कपड़े अलग किए जाते हैं ?
(३) अच्छे कपड़ों का क्या किया जाता है ?
(४) उसे कौन खरीदता है ?
(५) फटे हुए कपड़ों का क्या किया जाता है ?
(६) क्या कुछ कपड़े वह अपने लिए रख लेता है ?
(७) पुराने कपड़े लेकर नए बरतन देना उन्हें कैसे पुसाता है ?



तुम्हें जो जानकारी मिली है, उसे लिखो । अब देखो कि क्या तुम्हारी जानकारी नीचे दी गई जानकारी से मेल खाती है ।

• कोई कपड़े टिकाऊ होते हैं । वे पुराने हो गए हों फिर भी उनका पुन: उपयोग हो सकता है ।


- यदि पुराने कपड़े अच्छी हालत में हों तो उन्हें हम जरूरतमंद लोगों को दे सकते हैं ।
- कपड़े फट गए हों तो उनसे गूदड़ी, पाँवपोंछनी जैसी उपयोगी वस्तुएँ तैयार की जा सकती हैं ।
- इन कपड़ों के सूत अलग करके नया कपड़ा बनाया जा सकता है ।
- आजकल अत्यधिक जीर्ण-शीर्ण हुए कपड़ों की लुगदी तैयार करते हैं और उनसे कागज भी तैयार किया जाता है । इस कागज का उपयोग कागजी थालियाँ, कागजी फूल इत्यादि बनाने के लिए किया जाता है । लुगदी से प्रतिकृतियाँ भी तैयार की जा सकती हैं ।





### करके देखो

इन चित्रों को ध्यान से देखो । पहने गए कपड़ों की विविधता को समझो । अपने परिसर अथवा किसी दूरवाले क्षेत्र में जाने पर विभिन्न प्रकार के वस्त्र तथा परिधान पहनने वाले लोग दिखाई देते हैं । उनके वस्त्रों के संबंध में जानकारी प्राप्त करो और प्राप्त जानकारी अपनी कॉपी में लिखो । क्या जलवायु के अनुसार वे पूरे वर्षभर इसी प्रकार के वस्त्र पहनते हैं ? क्या जलवायु के अनुसार उनमें परिवर्तन किया जाता है ? पर्वों तथा उत्सवों के अवसर पर क्या इनमें कोई परिवर्तन किया जाता है ? इसे ज्ञात करो ।





सांस्कृतिक तथा भौगोलिक विविधता के कारण महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों के निवासियों के कपड़ों में विविधता दिखाई देती है । जलवायु के विचार से महाराष्ट्र में मुख्यत: सूती कपड़ों का उपयोग किया जाता है ।







### करके देखो

अपने दादा-दादी जी, माता-पिता जी तथा सगे-संबंधियों के पुराने तथा नवीन छायाचित्र एकत्र करो । उन लोगों से पूछो कि ये छायाचित्र कौन-से वर्ष खींचे गए हैं । छायाचित्रों के पिछले भाग में वह वर्ष लिखो । उन्हें दिनांक के क्रम में व्यवस्थित रखो । अब निरीक्षण द्वारा उनकी पोशाक में क्रमश: हुए परिवर्तनों को समझो । ऐसे परिवर्तन क्यों हुए हैं ? कारण जानने का प्रयास करो ।

## हमने क्या सीखा

- कपड़ा धागे (सूत) से बनता है । ये धागे कपास, ऊन इत्यादि से तैयार किए जाते हैं ।
- उपयोग करने से कपड़े गंदे हो जाते हैं, इसलिए हमेशा स्वच्छ कपड़े पहनने चाहिए ।
- कपड़े धोने के लिए साबुन, रीठे, हिंगोट जैसे प्राकृतिक साधनों का उपयोग करना चाहिए।
- पुराने कपड़े मत फेंको । उनका फिर से उपयोग किया जा सकता है ।
- सांस्कृतिक तथा भौगोलिक कारणों से वस्त्रों में विविधता दिखाई देती है ।
- पहले उपयोग में लाई जाने वाली पोशाक और वर्तमान समय की पोशाक दोनों में अंतर है ।

## स्वाध्याय

**(अ) निम्न तालिका के शब्द उचित पद्धति से मिलाओ :**

| | | |
|---|---|---|
| भेड़ | सूत | बोरा |
| कपास | धागा | स्वेटर |
| पटसन | ऊन | कपड़ा |

**(आ) नीचे चित्र में दी गईं किन वस्तुओं का उपयोग कपड़े धोने के लिए किया जाता है ?**



साबुन डिटर्जेन्ट राख इत्र

**(इ) निम्नलिखित में से कौन पुराने कपड़े लेकर नवीन बरतन देता है ?**

(अ) कलईगर (ब) फेरीवाली (क) चूड़ीहार

HZZ7N4

**(ई) अर्जुन के शरीर में खुजली हो रही है । उसे क्या करना चाहिए ? सही समूह ज्ञात करो ?**

(अ) अच्छी तरह स्नान करना
इत्र लगाना
कपड़े बदलना

(ब) अच्छी तरह स्नान करना
कपड़े बदलना
राख मलना

(क) अच्छी तरह स्नान करना
स्वच्छ वस्त्र पहनना
औषधि द्वारा उपचार

**(उ) जलवायु के अनुसार हमारे वस्त्रों में कौन-से परिवर्तन होते हैं ? चार वाक्य लिखो ।**

**(ऊ) अपनी पसंदवाली पोशाक का चित्र बनाओ ।**

**(ए) भेड़ के बाल से ऊन मिलता है और कौन-से प्राणी के बालों से महीन कपड़ा बनता है ?**

***